**नवरात्रि** | नवरात्रि में देर रात्रि तक चल रहा मातारानी के दर्शनों का दौर


# माता के दर्शन को पहुंच रहे भक्त, पंडालों में भीड़



**नवभारत, जबलपुर।** शारदेय नवरात्र प्रारंभ होने के बाद हर दिन भक्तों की भीड़ मंदिरों में देखने को मिल रही है। शहर के सभी प्रसिद्ध मंदिरों में बैठकी के दिन से ही लोगों की भीड़ लगने लगी है। जिसमें लोग सुबह माता को जल चढ़ाने के लिए जाते हैं, इसके चलते समितियां द्वारा लगाई गई लाइटें, आकर्षक साज सजावट और देवी प्रतिमाएं को देखने का सिलसिला जारी हो चुका है। पंचमी से ही बड़ी संख्या में भक्त रात्रि भ्रमण पर माता के दर्शन करने के लिए निकल रहे हैं। जिसके चलते शहर में विराजी माता के पंडालों में भीड़ नजर आने लगी है। जिसके चलते देर रात तक सड़कों में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही, मंदिरों में भी रात्रि में भक्तों की कतारें लगी रहती हैं।



जय बजरंग महाकालीउत्सव समिति देवताल गढ़ा



सेठ मोहल्ला गली नंबर 5 सदर बाजार



कुरील समाज दुर्गा उत्सव समिति गली नंबर 9 सदर बाजार

### कलेक्टर- एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने नवरात्र पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने रविवार की रात सुनरहाई, नुनहाई, गढ़ाफाटक और बड़ी खेरमाई जैसे क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों तथा जवानों से चर्चा की मुस्तैदी से दायित्व निभाने के लिये उनकी सराहना की। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक का शहर का भ्रमण अभी जारी है।



## दूधिया रोशनी में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

**विसर्जन की तैयारियां पूर्ण**

**जबलपुर।** नवरात्रि पर्व के उपरांत माँ दुर्गा प्रतिमाओं का विधिवत, सुरक्षा, स्वच्छ और दूधिया रोशनी के माहौल में विसर्जन कराने के लिए प्रशासन के द्वारा गौरीघाट के भटौली, अधारताल, तिलवारा और हनुमानताल व्यवस्थित तैयार करा लिया गया है। सभी कुण्डों और तालाबों में बोरिंग और टैंकरों के माध्यम से स्वच्छ जल से भर दिया गया है तथा सभी विसर्जन स्थलों पर बड़े पैमाने पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तैयारियाँ की गयी है, जिससे कि माता दुर्गा की प्रतिमाओं को विसर्जित करने में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। सभी तालाबों, घाटों और अन्य स्थलों पर उत्तम साफ-सफाई व्यवस्था के साथ बेरीकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। इन सभी व्यवस्थाओं को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के साथ-साथ अन्य जनप्रतिनिधियों के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, एस.पी. सम्पत उपाध्याय, एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन तथा विशेष उपस्थिति में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पूर्ण कराया गया है। इस संबंध में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि गौरीघाट स्थित भटौली कुण्ड विसर्जन के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि यहाँ पर रंगाई पुताई, सफाई, एवं बेरीकेटिंग के साथ-साथ पार्किंग व्यवस्था और तालाब और कुण्डों में 4 बोरिंग को लगातार चालू कराकर पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ जल से पर्याप्त मात्रा में भरा गया है। निगमायुक्त ने बताया कि सभी विसर्जन कुण्डों एवं तालाबों के पास कंट्रोल रूम के अलावा अन्य आवश्यक सूचनाएँ आदान प्रदान करने तथा व्यवस्थाएँ बनाने के लिए अलग से विशेष रूप से काउंटर बनाये जा रहे हैं, जहाँ से सारी सूचनाएँ और सुझावों पर समाधान करने की व्यवस्थाएँ बनाई जा रही हैं।

## एक नजर में



### जरूरतमंदों को की खानपान की व्यवस्था

**नवभारत, जबलपुर।** नवरात्र और ईदमिलादुन्नबी के मौके पर जबलपुर के नई उम्मीद टीम के मेम्बरों के द्वारा नेकी की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विक्टोरिया अस्पताल और एल्गिन अस्पताल में फल आदि खाने पीने की चीजें बांटी गई और आशीर्वाद प्राप्त किया।



### भगत सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए

**नवभारत,जबलपुर।** शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह युवा विचार मंच द्वारा सरदार भगत सिंह जी के जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा स्थल भगत सिंह चौक, कटंगा, गोरखपुर, जबलपुर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प माला पहनाकर एवं मिष्ठान का वितरण किया। साथ ही सरकार से यह माँग की गई कि शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। इस मौके पर शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह युवा विचार मंच के अध्यक्ष तजिन्दर सिंह टीटू एवं सचिव डिम्पी बिन्द्रा, काके आनंद, रविंदर सिंह चाना, रवि ठाकुर, अशोक राजपूत, कलसी जी, एड. रनवीर सिंह परिहार, आदि लोग मौजूद थे।



### सम्मान की भावनाओं को जागरूक करने मैराथन दौड़

**नवभारत, जबलपुर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के विरूद्ध हो रहे अपराधों एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों/थाना प्रभारियों, को विशेष जागरूकता अभियान अभिमन्यु अंतर्गत पुलिस कन्ट्रोल रूम से मैराथन दौड का आयोजन करते हुए पुलिस कन्ट्रोल रूम में उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) आशीष जैन, द्वारा रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य की उपस्थिति में हरि झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया गया। मैराथन के समापन के अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक आशीष जैन ने कहा कि विशेष जागरूकता अभियान अभिमन्यु के तहत आयोजित मैराथन दौड का उद्देश्य बालक- बालिकाओं में लैंगिक समानता एवं एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को जाग्रत कर महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाना है। मैराथन दौड में निरीक्षक शशि धुर्वे, सूबेदार मनीष, महिला सुरक्षा शाखा के अधिकारी/कर्मचारी, थानों की महिला ऊर्जा हेल्प डेस्क के अधिकारी एवं बालक/बालिका एवं जनसाहस संस्था के जिला समन्वयक राजू चौधरी व अन्य कर्मचारी तथा पुलिस लाईन में संचालित एस.पी. की पाठशाला, एवं दिशा लर्निंग सैंटर मे अध्यनरत अभ्यार्थियों सहित लगभग 300 लोगों ने भाग लिया।

## टैक्स में छूट का लाभ लेने अब करदाताओं के पास मात्र 2 दिन शेष

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार वसूली अभियान चलाया जा रहा है और इनके द्वारा निगम की आय बढ़ाने के लिए प्रतिदिन राजस्व अमले को प्रेरित करने के साथ-साथ करदाताओं से भी बकाया करों की राशि 30 सितम्बर तक जमा करने और छूट का लाभ लेने अनुरोध किया जा रहा है। इन सबके बावजूद भी यदि 30 सितम्बर तक करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि जमा नहीं की जाती है तो उनके विरूद्ध वैधारिक प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए कुर्की, नल कनेक्शन काटने, और तालाबंदी करने की कार्रवाई भी की जायेगी। वसूली के लिए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित समस्त अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, राजस्व अधिकारी, के साथ-साथ सभी संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, करसंग्रहिता, के अलावा स्वास्थ्य और जल विभाग के भी अमला राजस्व विभाग के साथ जुटे हुए हैं।

## पहली बार हुई नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग

**एक दिन की साइंटिफिक प्रोग्राम कार्यशाला आयोजित**



**नवभारत,जबलपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वाधान में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक दिन की साइंटिफिक प्रोग्राम पर आधारित कार्यशाला का आयोजन आईएमए हॉउस में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जबलपुर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के द्वारा सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में मुख्य रूप से डैफनेस विथ डायबिटीज पर प्रोफेसर डॉ कविता सचदेवा द्वारा, वर्ल्ड रेबीज डे एक्टिविटी पर डॉ शशि प्रभात तोमर तथा डॉ प्रीति गुप्ता के द्वारा, एचपीवी वैक्सीन पर डॉ अनुराधा डांग द्वारा आधुनिक वृद्धजन देखभाल पर डॉ राजशेखर पांडे के द्वारा, नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज अवेयरनेस स्क्रीनिंग एंड मैनेजमेंट पर डॉ सारिका दुबे के द्वारा तथा रिडिफाइनिंग एनएएफएलडी पर डॉ पंकज असाटी के द्वारा अपना-अपना प्रेजेंटेशन पीपीटी के माध्यम से दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी चिकित्सकों की फाइब्रोस्कैन मशीन के द्वारा पहली बार नॉन अल्कोहलिक फैटी लीवर डिजीज की स्क्रीनिंग की गई। इस कार्यशाला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ ऋचा शर्मा सहित शहर के सभी प्रतिष्ठित चिकित्सक उपस्थित थे।

## आदिवासी रीति रिवाज से किया प्रतिमा का शुद्धिकरण



**नवभारत,जबलपुर।** जारी प्रेस विज्ञप्ति में इन्द्रकुमार कुलस्ते ने बताया कि 18 सितंबर 2025 को अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस समारोह के दौरान स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिमा पर जूते पहने हुए स्वयंसेवक संघ द्वारा माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित किये जाने से सम्पूर्ण आदिवासी समाज अपने आपको अपमानित महसूस कर रहा है व वीर शहीद राजाओं को अपमान मान रहे हैं, जिससे क्षुब्ध होकर रविवार को म.प्र. के विभिन्न जिलों मण्डला, सिवनी, जबलपुर, शहडोल, सहित अन्य आदिवासी संगठनों व सामाजिक जनों ने घोर विरोध दर्ज कराते हुए 5 नदियों जिसमें नर्मदा संगम बंजर मण्डला, हिरण नदी, छोटी महानदी कुण्डम, बाघा माड़ा नदी कुंडम, भेड़ाघाट नर्मदा नदियों के जल कलश यात्रा के माध्यम से एकत्रित कर से प्रतिमा स्थल पहुंचकर प्रतिमा का शुद्धिकरण आदिवासी भुमकाओं द्वारा रीति रिवाज से किया गया। इस अवसर पर मदन सिंह बरकड़े, प्रताप सिंह कुलस्ते, ब्रजेश धुर्वे, इतेश तेकाम, प्रमोद नरेती, धीरेन्द्र, संजू ठाकुर, जगदीश कुंजाम, राजेन्द्र तेकाम, रामरतन यादव, घनश्याम यादव, लखन कुलस्ते, रमेश धुर्वे, मदन सिंह धुर्वे, सहित हजारों की संख्या में आदिवासी जन एवं संगठन उपस्थित रहे।

### हवन सामग्री का निशुल्क वितरण 2 अक्टूबर तक जारी

**नवभारत,जबलपुर।** नवरात्रि के महीने में 60 जड़ी बूटियां से तैयार की गई हवन सामग्री एवं सर्दी जुकाम बुखार खांसी के लिए आयुर्वेदिक काढा एवं तुलसी पौधों का का वितरण 2 अक्टूबर तक बड़े फुहारा खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में प्रातः 9 बजे से रात के 9 बजे तक निशुल्क वितरण किया जा रहा हैं। नवरात्रि के अवसर पर 60 जड़ी बूटियां से तैयार की गई हवन सामग्री से हवन करने से रोगों से मुक्ति मिलती है। उपस्थिति की अपील शीर्ष अग्रवाल, एडवोकेट स्पर्श अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल ने की है।



### 25 अक्टूबर को होगा दिव्यांगों के लिए क्विज प्रोग्राम

**नवभारत,जबलपुर।** सेवा इन एक्शन बैंगलोर द्वारा प्रश्नोत्तरी (क्यूज) का कार्यक्रम जबलपुर मे 25 अक्टूबर को स्पोर्ट्स क्लब मे होगा इस हेतु एक एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में सेवा इन एक्शन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती रूमा बैनर्जी ने बताया 11 एवं 12 अक्टूबर को जिला स्तर पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा और 15 को प्रतिभागियों का चयन होगा। इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक भारत मध्य प्रदेश के एरिया डायरेक्टर दीपांकर बैनर्जी, किरण कुमार मुखर्जी, श्याम साहनी, ऐलिक डिसूजा, हिमांशु श्रीवास्तव, अशोक विश्वकर्मा, रूपा बनर्जी आदि उपस्थित रहे।



### नेपियर टाउन बस्ती का निकला पथ संचलन

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष विजयादशमी उत्सव पर बस्ती सह संचलन निकाल रहा है, मालवीय नगर में नेपियर बस्ती का पथ संचलन भंवरलाल गार्डन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए वही समाप्त हुआ। इसमें अनेक गणवेश धारी स्वयंसेवक के साथ स्थानीय गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मालवीय नगर संघचालक अनिल जैन और प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद दिनेश्वर भाग कार्यवाह शांतनु देशपांडे उपस्थित रहे। अनिल ने बताया संघ के शताब्दी वर्ष में हर घर मे गणवेश बनाने की योजना है, हम बस्ती प्रत्येक घर जाकर शताब्दी वर्ष की जानकारी दे रहे हैं। संघ के स्वयंसेवकों ने अपनी आंखों से 100 साल पूरे होते हुए देख रहे हैं उनमें बड़ा उत्साह है।

## वॉक-ए-थॉन 2025 : स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता



**नवभारत,जबलपुर।** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में शैल्बी मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित ए वॉक फॉर ए हेल्दी हार्ट वॉक-ए-थॉन में डोंट मिस ए बीट थीम के अंतर्गत शहर के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। वॉक-ए-थॉन का आयोजन सुबह 7:30 बजे शैल्बी हॉस्पिटल, अशोका हॉल स्कूल से प्रारंभ होकर शैल्बी हॉस्पिटल में संपन्न हुआ। इसमें हॉस्पिटल स्टाफ एवं प्रेमवती कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से शहरवासियों को स्वस्थ हृदय के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में शहर के महापौर जगत बहादुर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पोस्टर- स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं अन्य उपहार प्रदान किए गए। साथ ही शहर का नाम बॉक्सिंग के क्षेत्र में ऊँचा करने वाले विक्रम अवार्डी परमजीत सिंह के छात्र-छात्राओं को पौधा और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। शैल्बी मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष तिवारी ने कहा, हमें खुशी है कि इस आयोजन के माध्यम से हम शहर के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर सके। वॉक-ए-थॉन में शैल्बी में एंजियोप्लास्टी करवा चुके कई मरीज, प्रेमवती कॉलेज के छात्र-छात्राएँ, निर्देशक राजेंद्र दुबे और समाज के अन्य अनेक लोग उपस्थित रहे। अस्पताल से डॉ आर एस शर्मा डॉ. विजय प्रताप, डॉ. संजय नेमा, डॉ. शेरकर, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. संदीप श्रीवास्तव,डॉ. शोभन पौनीकर ,डॉ. रोहित, डॉ. ईशान, डॉ. दीक्षा, डॉ. चारु तथा अस्पताल स्टाफ, डिप्टी सीएओ अंकित जैन, मैनेजर जय सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दिन-रात कर रहे मेहनत, महंगाई में घर चलाना है मुश्किल



**जबलपुर, नवभारत।** पुरानी कहावत है कि माता पिता उस दीए की तरह है जो खुद जलकर अपनी संतान के जीवन को रोशन करते है। इस कहावत का उदाहरण इन दिनों धूमधाम से मनाई जा रही नवरात्रि और आगामी दशहरे पर्व के दौरान जबलपुर की सड़को पर देखने को मिली। आमजनों से परे, सड़कों पर देर रात तक घूम घूम कर गुब्बारे, खिलौने प्लास्टिक के गुड्डे गुड़िया बेचने वाले ये असहाय अपितु संघर्षशील फेरीवाले अपना घर चलाने के लिए त्योहारों की चमक धमक से दूर, भीड़ भरी सड़को पर खिलौने बिकने की आस लिए खड़े रहते है। मालूम हो कि रावण को बुराई का प्रतीक माना जाता है, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिनके लिए ये दशहरे का पर्व आजीविका का साधन भी हैं। शहर में सैकड़ों परिवार ऐसे हैं जो दशहरे, दिवाली जैसे बड़े त्योहारों पर आश्रित रहते है। क्योंकि यह लोग प्लास्टिक के खिलौने, गुब्बारे आदि बनाकर बेचते हैं और इसी कमाई से उनके आने वाले कुछ महीनों का व्यवसाय हो जाता है। इनमें से कुछ परिवार ऐसे भी हैं जो सिर्फ कुछ दिनों का ही पैसा जोड़ पाते हैं। गढ़ा फाटक में गुब्बारे बेचने वाले राहुल ने बताया कि कुछ कारीगरों ने तो कर्ज लेकर खिलौने, गुब्बारे आदि सामान खरीदा है।

### नहीं रही पहले जैसी बात

बच्चों के खिलौने, श्रृंगार सामग्री आदि बेचने वाले कृष्ण वंशकार ने बताया कि पिछले पाँच सालों से खिलौने, गुब्बारे एवं दशहरे का धनुष आदि खरीदने वालो की संख्या में गिरावट देखने को मिली है। इसके पीछे कारण बढ़ती महंगाई या खिलौनो की गुणवत्ता भी हो सकती है। वही संजू कहते हैं कि दो साल पहले तक हमें इन नवरात्रि के दस दिनों में घर जाने की फुर्सत नहीं रहती थी। लेकिन अब हालात बिल्कुल बदल गए हैं। इस बार ज्यादातर लोग कीमत पूछकर ही चले जाते हैं।

### घर चलाना हुआ मुश्किल

शास्त्री नगर निवासी रमेश जैन ने बताया कि दशहरे, दिवाली जैसे बड़े त्योहारों में सिर्फ खिलौने बेचने से अब घर चलना मुश्किल हो गया है। बच्चों को पढ़ाई और घर का चूल्हा जलाना अब पहले जैसा आसान नहीं रहा इसलिए हमें त्योहारों में भी काम करना पड़ता है।

### इनका कहना है



देखिए त्योहारों में तो हमको और हमारे घर वालों को भी लगता है कि सड़कों पर घूम कर पर्व का आनंद ले, लेकिन मजबूरियों के सामने बेबस हो जाते हैं।

**रमेश जैन**



महंगाई पहले के मुकाबले और बढ़ चुकी है इसलिए दिन-रात काम करना पड़ रहा है। अगर काम नहीं करेंगे तो बच्चों की पढ़ाई कैसे पूरी करेंगे।

**कृष्णा**



## स्वस्थ रहने रोजाना चलें पैदल, करें व्यायाम

**विश्व हृदय दिवस पर वॉक मैराथन**

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व हृदय दिवस पर गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल संचालक डॉ. पुष्पराज पटेल द्वारा वॉक मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में मुख्य रूप से महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, अति पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, डॉ श्रीमती कावेरी शॉ शामिल हुए। डॉ. पुष्पराज पटेल ने स्वस्थ दिल रखने के लिए सभी से आधे घंटे कम से कम पैदल चल कर व्यायाम करने की सलाह। इस अवसर पर जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज जबलपुर के जिला अध्यक्ष इंजी.विवेक चौधरी, भारतीय किसान संगठन के जिला उपाध्यक्ष डॉ. संतोष पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष नवीन पटेल, डॉ बालमुकुंद पटेल सहित बड़ी संख्या में डॉक्टर, स्टॉफ, नर्स आदि उपस्थित थे।